भारत सरकार

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

विभागीय परीक्षा अक्टूबर - 2020

लेखा पेपर 1 (पुस्तकों के बिना)

*सहायक अभियंता / सहायक कार्यपालक अभियंता / सहायक निदेशक (बागवानी ) के लिए*

अवधि -3 घंटे | अधिकतम अंक-100

- इस प्रश्न पत्र में 2 पृष्ठों में कुल 8 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्नों का प्रयास करें।
- किसी पुस्तक की अनुमति नहीं है ।

***प्रश्न सं 1 -- निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें । (किसी भी पांच)*** *(4 अंक X 5 =20 अंक )*

(i) PFMS प्रणाली ।
(ii) निर्गम दर ।
(iii) उचंत लेखा ।
(iv) डिजिटल हस्ताक्षर ।
(v) लेखा-अंतरण ।
(vi) प्रशासनिक अनुमोदन और व्यय मंजूरी ।
(vii) लेखागत भुगतान ।
(viii) बिन कार्ड ।

***प्रश्न सं 2 --- निम्नलिखित के बीच अंतर लिखें । (किसी भी चार)*** *(5 अंक X 4 =20 अंक )*

(i) सी डी डी ओ और एन सी डी डी ओ. ।
(ii) अत्यावश्यक काम और आकस्मिक काम ।
(iii) भारत की समेकित निधि और भारत की आकस्मिकता निधि ।
(iv) विनियोग और पुन: विनियोग ।
(v) व्यय शीर्ष और राजस्व शीर्ष ।
(vi) प्रत्यक्ष रसीद और अप्रत्यक्ष रसीद ।

***प्रश्न सं 3 --- निम्नलिखित लेन-देन को वर्गीकृत करें ।*** *(1 अंक X 10 =10 अंक )*

(i) मुंबई में ए.जी. कार्यालय भवन का निर्माण ।
(ii) सरकारी आवासीय आवास के संबंध में सीपीडब्ल्यूडी द्वारा भुगतान किए गए नगरपालिका कर ।
(iii) सी पी डब्ल्यू डी मंडल द्वारा सामान्य उपयोग के लिए खरीदी गई मशीनरी और उपकरण ।
(iv) पुलिस विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन के रूप में उपयोग के लिए किसी भवन का किराया प्रभार/रैंट।
(v) ए.जी. कार्यालय भवन की मरम्मत ।
(vi) एक कार्यालय भवन के पूरा होने में देरी के लिए जुर्माना ।
(vii) कार्यालय भवन के संबंध में पीडब्ल्यू विभाग द्वारा प्राप्त किराया ।
(viii) कैशियर द्वारा जमा की गई प्रतिभूति राशि ।
(ix) ठेकेदार के कार्य बिल से वसूल की गई प्रतिभूति जमा ।
(x) सहायक अभियंता के वेतन से जीपीएफ अंशदान की वसूली ।

**प्रश्न सं 4---** *(5 अंक X 2 =10 अंक )*

(i) सी पी डब्ल्यू डी लेखा के संबंध में मंडल अधिकारी और मंडल लेखाकार की ड्यूटी परिभाषित करें ? मंडल लेखाकार का कार्य क्या है ?

(ii) सी पी डब्ल्यू डी में परियोजना / कार्यों के निधिकरण के विभिन्न तरीके क्या हैं ?

**प्रश्न सं 5--- निम्न क्रियाओं की शुद्धता या अन्यथा की जाँच करें ।**

*(2 अंक X 5 =10 अंक )*

(i) कनिष्ठ अभियन्ता ने एक चल लेखा बिल तैयार करते समय, अतिरिक्त मदों के लिए लघु नामावली लिखी ।

(ii) कार्यपालक अभियंता द्वारा एक परियोजना स्थल पर लाई गई स्टील और सीमेंट पर गतिशीलता अग्रिम दिया गया था।

(iii) स्मार्ट अग्रदाय कार्ड का उपयोग केवल एसबीआई के सभी नेटवर्क एटीएम से नकदी निकालने के लिए किया जाता है ।

(iv) लेखाओं में सभी सुधार ,लेखा अधिकारी के सलाह पर, सत्यापन के बाद सभी प्रासंगिक अभिलेखों में की जा सकती है । प्रविष्टिया लाल स्याही में मंडल लेखाकार द्वारा दिनांकित प्रथमाक्षर में सत्यापित होना चाहिए ।

(v) प्रतिभूत अग्रिम के लिए ठेकेदारों का दावा इस आधार पर पारित नहीं किया गया है कि माप-पुस्तक में सामग्री दर्ज नहीं की गई है ।

**प्रश्न सं 6---** *(5 अंक X 2 =10 अंक )*

(i) कार्य सार की उपयोगिता और महत्व को स्पष्ट करें । यह कैसे तैयार और पूरा किया जाता है ?

(ii) ठेकेदारों का खाता क्या है ? प्रपत्र में कौन से स्तंभ लिखे जाते हैं ? वे कौन से लेन-देन हैं ,जो ठेकेदारों के खाते का हिस्सा नहीं हैं।

**प्रश्न सं 7---** *(5 अंक X 2 =10 अंक )*

(i) जमा कार्य क्या है ? जमा कार्य की प्रारंभिक बातें क्या हैं ?

(ii) सी पी डब्ल्यू डी द्वारा रखे गए बिलों और वाउचरों के अधिकृत फ़ार्म की व्याख्या करें ।

**प्रश्न सं 8--- निम्नलिखित पर टिप्पणी करें ।** *(2 अंक X 5 =10 अंक )*

(i) कार्यपालक अभियंता ने नीलामी राशि को बैंक ड्राफ्ट के रूप में स्वीकार कर लिया है।.

(ii) मंडल से स्थानांतरण होने पर सहायक अभियंता / सहायक कार्यपालक अभियंता अपने साथ अग्रदाय कार्ड लेकर चले गए ।

(iii) उपमंडल अभियंता ने मस्टर रोल के बजाय एक ठेकेदार के माध्यम से दैनिक मजदूरों का भुगतान किया।

(iv) खातों के अंतिम रूप से बंद हो जाने के बाद,किसी कार्य के खातों में 8 रुपए की त्रुटि पाई गई है ।

(v) यह पूछे जाने पर कि माप-पुस्तक में पहले की तिथियों की तुलना में बाद की तिथियों की प्रविष्टियां क्यों हैं,कनिष्ठ अभियन्ता बताते हैं कि मूल रूप से कुछ पृष्ठ खाली छूट गया था,जो की बाद में उनके द्वारा उपयोग किया गया था ।

..............